भाकृअनुप - केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक 753 006

कृषि सलाहकार सेवा

मई 2025 के प्रथम पखवाड़े की रणनीतियाँ

- ओडिशा में मई के प्रथम पखवाड़े के दौरान तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा और धीरे-धीरे बढ़ेगा। उच्च तापमान एवं रुक-रुक कर गरज के साथ बौछार के कारण धान की फसल में भूरा पौध माहू के संक्रमण के लिए अनुकूल स्थिति होगी। यदि भूरा पौध माहू कीटों की आर्थिक सीमा अर्थात 5-10 कीटें/पूंजा से अधिक दिखाई देता है तो खेत को बारी-बारे से गीला करने एवं सुखाते हुए खेत की परिवेश को बदलने की सलाह दी जाती है और यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लंबे समय तक खड़े पानी खड़ा न रहे। यदि समस्या बनी रहती है तो तो एजेडिरैक्टिन 0.15% नीम के बीज की गिरी आधारित 800 मिली/एकड़ की दर से घोल का छिड़काव करें या ट्रायफ्लूमेजोपायरिम 10% एससी95 ग्राम/एकड़ या पायमेट्रोजाइन 50% डब्ल्यूजी 120 ग्राम/एकड़ की दर से या डीनोटेफ्यूरान 20% एसजी 80 ग्राम/एकड़ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल 50 मिलीलीटर/एकड़ या एसीफेट 75% एसपी 400 ग्राम/एकड़ की दर से छिड़काव करें। भूरा पौध माहू के लिए केवल अनुशंसित कीटनाशकों का उचित मात्रा पर उपयोग करें।
- यदि गंधी बग 2 कीटें/पूंजा से अधिक दिखाई दे तो इमिडाक्लोप्रिड 6% + लाबंडा-साइहालोथ्रिन 4%ई एसएल मिक्स 300 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर घोल का छिड़काव करें।
- इल्ली संक्रमण दिखाई देने पर, क्वीनालफास 25ईसी 400 मिली/एकड़ दर से या क्लोरपायरीफास 20ईसी 500 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर घोल का छिड़काव करें। इसे सुबह के समय पौधों के मूल में प्रयोग किया जाना चाहिए।
- ओडिशा के विभिन्न जिलों विशेषकर सोनपुर और बालेसोर में गला प्रध्वंस की घटनाएं देखी गई हैं। गला प्रध्वंस दिखाई देने पर एज़ोक्सिस्ट्रोबिन 25 एससी 200 मिली / एकड़ दर से या कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यूपी 400 ग्राम / 200 लीटर पानी दर से या ट्राइफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 25% + टेबुकोनाज़ोल 50% 80 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी दर से या स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंस 1000 ग्राम / एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या ट्राइकोडर्मा

विरिडे या टी. एट्रोविराइड (108 सीएफयू) 2000 ग्राम/एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर 7 दिनों के अंतराल में दो बार छिड़काव करें।

- मौजूदा मौसम की स्थिति दाने के रंगहीन होने के अनुकूल हो सकती है। यदि दानों में छोटे-छोटे धब्बे या भूरे से काले रंग के गुच्छे दिखाई दें तो प्रोपिकोनाज़ोल 25% 200 मिली/एकड़ की दर से या टेबुकोनाज़ोल 25% की दर से 400 ग्राम/एकड़ का छिड़काव करें। एक एकड़ में छिड़काव के लिए 200 लीटर पानी का उपयोग करें।
- बीज के लिए, फूल आने पर अन्य प्रजाति के पौधों आदि को खेत से हटा देना चाहिए।
- दानों के बिखरने से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए धान की फसल में बालियां जब 80-85% तक पक जाए तब फसल काट लें।
- चावल के दाने में नमी की मात्रा को भंडारण से पहले 1-2 दिनों के लिए धूप में सुखाकर 14% तक नमी को कम करना चाहिए।
- धान के खेतों में मिट्टी की नमी की उपलब्धता के साथ ग्रीष्मकालीन जुताई शुरू करें।
- अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, ब्लॉक कार्यालयों और अन्य प्रतिष्ठित प्रक्षेत्रों जैसे विश्वसनीय स्रोतों से मध्यवर्ती गहरा जल के लिए वर्षाधान, दुर्गा, सीआर धान 501, सरला और गायत्री तथा गहरा जल स्थिति के लिए सीआर धान 500, सीआर धान 502 (जयंती धान), सीआर धान 503 (जलमणि), सीआर धान 505, सीआर धान 507 (प्रशांत) जैसी चावल की किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले बीज खरीद करें।
- ऊपरीभूमि सीधी बीज वाली धान के लिए विश्वसनीय स्रोतों से सीआर धान 100 (सत्यभामा), सीआर धान 101 (अंकित), सहभागीधान, फाल्गुनी, वंदना, अंजलि, खंडगिरी चावल की किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले बीज खरीद करें।
- अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, ब्लॉक कार्यालयों और अन्य प्रतिष्ठित प्रक्षेत्रों जैसे विश्वसनीय स्रोतों से उथली निचली भूमि में रोपित चावल के लिए सीआर धान 307 (मौड़ामणि), सीआर धान 303, सीआर धान 304, एमटीयू 1001, एमटीयू 1010, नवीन, सीआर धान 310, सीआर धान 312, सीआर धान 314, डीआरआर 44, उन्नत ललाट, सीआर धान 301 (हयू), सीआर धान 800, सीआर धान 404, स्वर्णा, पूजा, स्वर्णा सब 1 और बीपीटी 5204 जैसी किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले बीज खरीद करें।

- तटीय लवणीय क्षेत्र के लिए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे विश्वसनीय स्रोतों से सीआर धान 405 (लुणा सांखी), सीआर धान 403 (लुणा सुवर्णा), डीआरआर 39 और लुणीश्री जैसी लवण सहिष्णु किस्मों की बीज खरीदें।
- सिंचित मध्यम और उथली निचलीभूमि में संकर किस्मों की खेती करने के इच्छुक किसानों को सलाह दी जाती है कि वे प्रतिष्ठित बीज कंपनियों से अजय, राजलक्ष्मी, सीआर धान 701, केआरएच-2 और पीएचबी 71 जैसे संकर किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले विश्वसनीय बीज खरीदें।
- बाढ़ प्रवण उथली निचलीभूमि के लिए स्वर्णा सब-1, रणजीत सब-1, बहादुर सब-1, बिनाधान-11 और सांबा महसूरी सब-1 जैसी बाढ़ प्रवण सहिष्णु किस्मों की व्यवस्था करें। अर्ध गहराजल वाले क्षेत्रों के लिए विश्वसनीय स्रोत से सीआर 1009 सब-1 बीज खरीदें।
- सूखा प्रवण ऊपरी/उथली निचली भूमि के लिए विश्वसनीय स्रोत से सहभागीधान, डीआरआर 42, डीआरआर 44, बीआरआरआई धान 71, स्वर्णा श्रेया जैसी सूखा सहिष्णु किस्मों की बीज खरीदें।
- प्रतिरोपित धान में हरी खाद के लिए विश्वसनीय स्रोत से अच्छी गुणवत्ता वाले ढैंचा के बीजों की व्यवस्था की जा सकती है।
- किसानों को सलाह दी जाती है कि धान की खेती के सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करने के लिए एनआरआरआई द्वारा विकसित राइसएक्पर्ट मोबाइल ऐप (गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध) को डाउनलोड और उपयोग करें।